<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय विद्यार्थी का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 25 जून 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विश्वविद्यालय विद्यार्थी मयंक आर्या का चयन अल्मा मेटर मैटर्स प्राइवेट लिमिटेड (IITIIMShaadi) में हुआ। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष पैकेज रू. 6 लाख वित्तीय तथा अन्य सुविधाएं देय होगी। यह कम्पनी प्रीमियर शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्रों के बीच वैवाहिक गठबंधन का पता लगाने के लिए विशेष लाउंज कंपनी है। इसके अलावा इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वास्तुकला, चिकित्सा, वित्त, कानून, फैशन डिजाइन, रंगमंच, मीडिया संचार, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, संगीत, नृत्य, पाक कला, ऐतिहासिक संरक्षण, पशु मनोविज्ञान को कवर करना चाहते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला, ने निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

मयंक आर्या